## न्यायालय न्याय निर्णयन अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, हनुमानगढ़

**पीठासीन अधिकारीः— उम्मेदी लाल मीना (आर0ए0एस0)**

**प्रकरण संख्या :— 05/2023**

स्टेट जरिये श्री जीत सिंह यादव, खाद्य सुरक्षा अधिकारी
कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, हनुमानगढ़

—प्रार्थी

—:बनामः—

सुभाष चंद कड़वासरा पुत्र मदनलाल कड़वासरा (मालिक एवं विक्रेता)
निवासीः—वार्ड नं. 02, 99 आर.आर. खोतावाली, तहसील रावतसर, जिला हनुमानगढ़।

—अप्रार्थी

**खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 की धारा 26 (2) (2) एवं धारा 51**

**उपस्थितः—**

1. श्री सुदेश कुमार गर्ग, खाद्य सुरक्षा अधिकारी राज्य पक्ष।
2. अप्रार्थी स्वयं उपस्थित।

**—:निर्णयः—**

दिनांक :—14.05.2024

प्रार्थी श्री जीत सिंह यादव, तत्कालीन खाद्य सुरक्षा अधिकारी, कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, हनुमानगढ द्वारा प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया कि खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री जीत सिंह यादव दिनांक 11.02.2022 को समय प्रातः 11.00 बजे मय साथी टीम व समान के साथ दूध विक्रेता सुभाष चन्द कड़वासरा पुत्र मदनलाल कड़वासरा (मालिक एवं विक्रेता) निवासीः—वार्ड नं. 02, 99 आर.आर. खोतावाली, तहसील रावतसर, जिला हनुमानगढ़ पर पहुंचे। उक्त विक्रेता के पास आमजन के बेचान वास्ते प्लास्टिक के ड्रम में लगभग 30 किलो क्रीम (एम.एफ.) में मिलावट का शक होने पर विक्रेता से 800 ग्राम क्रीम (एम.एफ.) निकालकर खाली साफ सुखे जग में संग्रहित कर लिया। जिसको चार बराबर भागों में बांटकर चार शीशीओं में भरकर नमूना जांच वास्ते लिया। मौके पर ही विक्रेता को उक्त क्रीम के खरीद मूल का 184/—रूपये का नगद भुगतान किया तथा माल खरीद रसीद बनवाकर ली। जिस पर विक्रेता, गवाहान एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी के हस्ताक्षर है। माल खरीद रसीद/कैश मीमो परिवाद संग संलग्न है। प्रार्थी द्वारा सैम्पल लेने से पूर्व फार्म नं 5 ए की प्रति पर नोटिस देकर यह बता दिया कि नमूना वास्ते जांच लिया गया है। फार्म 5 ए पर विक्रेता तथा गवाहान ने पढ़कर, समझकर एवं सही मानकर हस्ताक्षर किये तथा तस्दीक कर खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने भी हस्ताक्षर किये। खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा खरीदशुदा क्रीम (एम.एफ.) 800 ग्राम वजनी को चार बराबर भाग में प्लास्टिक की शीशीओं में भरकर लिया और चार लेबल तैयार कर लेबल पर विक्रेता गवाहन के हस्ताक्षर करवाकर स्वयं आवेदक ने हस्ताक्षर कर लेबल स्लिप कोड नं. एके—2087 मिन पर दर्ज के चारों शीशीओं पर चिपकाया। प्रत्येक शीशी को मोटे खाकी कागज में लपेटकर ऊपर से नीचे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, हनुमानगढ एवं जिला अभिहित अधिकारी, हनुमानगढ द्वारा हस्ताक्षरित पेपर स्लिप कोड नं. एके—2087 मिन पर दर्ज कर चारों शीशीओं पर चिपकाया। प्रत्येक शीशी को नियमानुसार मोटे सफेद धागे से बांधा व चार—चार जगह से सील चपड़ी किया। सील्ड नमूने पर विक्रेता एवं गवाहन के हस्ताक्षर करवाये एवं तस्दीक पर स्वयं खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने हस्ताक्षर किये। चारों नमूना भागों को खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने अपने कब्जे में लिया। समस्त की गई कार्यवाही की मौके पर फर्द रिपोर्ट तैयार की गई, जिस पर विक्रेता एवं गवाहान को समझा सुनाकर हस्ताक्षर करवाये एवं तस्दीक कर स्वयं खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने हस्ताक्षर किये जो न्याय निर्णयन आवेदन के साथ संलग्न है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा फार्म न0 6 कार्यालय में तैयार किया एवं नमूना सील किया गया। एक नमूना मय फार्म नं. 6 की प्रति के आउटर कवर में सील मोहर कर श्रीमान खाद्य विश्लेषक जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला, बीकानेर को जांच हेतु जमा कराया गया। फूड एनालिस्ट पब्लिक हैल्थ लैबोरेट्री से नमूने की जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर अभिहित अधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, हनुमानगढ ने प्रार्थी (आवेदक)

Signature Not Verified
Digitally signed by Umedi Lal Meena
Date: 2024.05.24 17:18:34 IST
Reason: SelfAttested

न्याय निर्णायक अधिकारी एवम्
अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट
हनुमानगढ

को नमूने की जांच रिपोर्ट क्रमांक 243 दिनांक 23.02.2022 जिसके अनुसार नमूना जांच Unsafe Food प्राप्त होने पर अभिहित अधिकारी ने उक्त प्रकरण से संबंधित सभी दस्तावेज अग्रिम कार्यवाही हेतु पेश करने को कहा गया। अभिहित अधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, हनुमानगढ़ ने विक्रेता को पुनः जांच हेतु पत्र क्रमांक/एफएसएसए/2022/3502–3503 दिनांक 14.03.2022 द्वारा रजिस्टर्ड डाक के द्वारा सूचित किया। विक्रेता की पुनः जांच अपील पर पुनः जांच हेतु नमूना रेफरेल लैब मैसूर भेजा गया। जिस पर मैसूर लैब से रिपोर्ट संख्या एफटी/एक्यूसीएल/एफएसएसए(737 एफ)2022 दिनांक 17.11.2022 के अनुसार उक्त नमूना Substandard Food होना पाया गया। प्रार्थी (आवेदक) द्वारा अनुसंधान कार्य पूर्ण होने के बाद समस्त कागजात अभिहित अधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, हनुमानगढ को वास्ते लिखित अभियोजन स्वीकृति प्रस्तुत किये। अभिहित अधिकारी ने समस्त कागजातों का अवलोकन कर खाद्य सुरक्षा अधिकारी को न्याय निर्णयन आवेदन सक्षम न्यायालय में प्रस्तुत करने के लिए प्राधिकृत किया गया। इस प्रकरण में अप्रार्थी ने Sub-Standard क्रीम (एम.एफ.) का विक्रय करके खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2006 की धारा 26 की उपधारा 2(2) का उल्लंघन किया है। जिसका जुर्माना एफएसएसए 2006 की धारा 51 में वर्णित है। उपलब्ध कागजात के अवलोकन के आधार पर क्रीम (एम.एफ.) विक्रेता एवं मालिक एफएसएसए 2006 की धारा 31 (2) की श्रेणी में आते हैं। इसलिए विक्रेता पर नियमानुसार खाद्य सुरक्षा अधिकारी, कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, हनुमानगढ द्वारा कार्यवाही हेतु निवेदन किया गया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा प्रार्थना पत्र प्रस्तुत होने पर नियमानुसार दर्ज रजिस्टर किया गया। अप्रार्थी को नोटिस जारी कर अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु सूचित किया गया। जिसकी पावती संलग्न पत्रावली है।

अप्रार्थी द्वारा स्वयं उपस्थित होकर बहस की गई कि अप्रार्थी एक गरीब आदमी है। अप्रार्थी द्वारा बाइक वालों से दुकान पर दूध एकत्र किया जाता है। उक्त क्रीम में अप्रार्थी द्वारा अपने स्तर पर कोई मिलावट नहीं की गई है बल्कि बाइक वाले द्वारा खट्टे दूध का बेचान करने के कारण इस क्रीम में कमी आई है। अप्रार्थी द्वारा वर्तमान में उक्त दुकान का संचालन नहीं किया जा रहा है। किसी अन्य को उक्त दुकान का बेचान कर दिया गया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बहस में लैब रिपोर्टनुसार मिल्क फैट निर्धारित पैमाने से कम होने के कारण अधिक से अधिक जुर्माना अधिरोपित करने की प्रार्थना की।

हमने उभयपक्षों के कथनों पर गौर किया व पत्रावली का भलीभांति अवलोकन किया। प्रार्थी द्वारा अपने कथन के समर्थन में प्रस्तुत किये गये दस्तावेजों का अप्रार्थी द्वारा खण्डन किसी प्रकार का साक्ष्य आधारित नहीं किया गया है और पत्रावली में उपलब्ध साक्ष्यों से प्रार्थी द्वारा अप्रार्थी से निरीक्षण के दौरान क्रय की गई क्रीम (एम.एफ.) की जांच में Sub-Standard की रिपोर्ट आई है। ऐसी स्थिति में हम अन्य साक्ष्यों को तलब करना आवश्यक नहीं समझते हैं और स्पष्ट होता है कि अप्रार्थी द्वारा Sub-Standard क्रीम (एम.एफ.) का विक्रय करके अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन किया गया है। अप्रार्थी Sub-Standard क्रीम (एम.एफ.) विक्रेता जो खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा 31 (2) की श्रेणी में आता है। अतः अप्रार्थी द्वारा अधिनियम के प्रावधानों के उल्लंघन के सम्बन्ध में प्रकरण के तथ्यों एवं परिस्थितियों को मध्यनजर रखते हुए अप्रार्थी के Sub-Standard कृत्य के लिए धारा 51 के तहत अप्रार्थी पर 2,000/–(अखरे रूपये दो हजार मात्र) की शास्ति आरोपित की जाकर यह आदेश दिया जाता है कि लगाई गई शास्ति राशि न्याय निर्णयन अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, हनुमानगढ के नाम डिमाण्ड ड्राफ्ट के रूप में निर्णय से एक [illegible] अन्दर अन्दर जमा कराकर रसीद प्राप्त करें। निर्णय की एक–एक प्रति उभय पक्ष को [illegible] जावे।

यह निर्णय आज दिनांक 14.05.2024 को हमारे द्वारा लिखवाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

Signature Not Verified
Digitally signed by Umedi Lal Meena
Date: 2024.05.24 17:18:34 IST
Reason: SelfAttested

14/5/2024

(उमेदी लाल मीना)
न्याय निर्णयन अधिकारी एवं
अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट
हनुमानगढ़

अपर जिला मजिस्ट्रेट हनुमानगढ़